**Temperature**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06.12 | सूर्योदय | 32.2 | अधिकतम (-2) |
| 06.22 | सूर्यास्त | 17.4 | न्यूनतम (-2) |

पूर्वानुमान : संभाग में मौसम शुष्क रहने की संभावना।

## न्यूज ब्रीफ

### एकादशी पर निकाली प्रभातफेरी

**जबलपुर।** जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक से एकादशी के दिन प्रभातफेरी निकाली गइ। प्रभातफेरी जगदीश मंदिर, दुर्गा चौक, पड़ाव, सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर निवाड़गंज, खोवा मंडी, चरहाई, शंकर घी भण्डार, बड़ी महाकाली से होते हुए जगदीश मंदिर मे समाप्त हुई। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, मुकेश सोनी, सरिता केसरवानी, सुषमा गोस्वामी, भावना अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल, शशि गुप्ता, अंजना चौरसिया, सीमा केसरवानी, शिव शंकर रजक, नन्ही बालिकाएं अवनी अग्रवाल, रोली रजक सभी मातृ शक्ति एवं बंधु सम्मिलित हुए।

### ज्ञानगंगा में प्रोजेक्ट उत्सव मनाया

**जबलपुर।** ज्ञान गंगा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने तीन दिवसीय टेक होली फेस्ट ज्ञानोत्सव आयोजित हुआ। इसमें 126 परियोजनाएं प्रस्तुत की गईं। इसमें 52 परियोजनाओं को शार्क टैंक 2.0 के लिए चुना गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष इं. डीसी जैन, डॉ. रजनीत जैन अतिथि रहे। अपूर्व सिंघई, पंकज गोयल, विशेष जैन, प्राचार्य डॉ. आरवी क्षीरसागर, डॉ. अजय लाला, डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीखी फोटोग्राफी की बारीकियां

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के जनसम्पर्क कार्यालय में विद्यार्थियों को डिजीटल एसएलआर कैमरे की बारीकियां और फोटोग्राफी के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पक्ष की जानकारी दी गई। वरिष्ठ छायाकार अजय धाबर्डे ने कहा कि नवोदित छायाकार को तकनीक के साथ जिस माध्यम से वे छायांकन कर रहे हैं उसके सैद्धांतिक तत्व को जानना भी जरूरी है। वहीं मुख्य महाप्रबंधक पीके जैन व महाप्रबंधक जेएस पसरीचा ने विद्यार्थियों को पावर मैनेजमेंट कंट्रोल रूम की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। प्रशिक्षण का संयोजन प्रो. धीरन्द्र पाठक, डॉ. संजीव श्रीवास्तव कर रहे हैं।

### वाहनों पर रखी जाएगी नजर

**जबलपुर।** लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में व्यय अनुवीक्षण दल, उड़नदस्ता दल और स्थैतिक व्यय निगरानी दल गठित कर वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास बड़ी मात्रा नकदी पाई जायेगी तो उसे इस राशि का स्त्रोत बताना होगा। असुविधा से बचने के लिए बैंक की पासबुक, एटीएम की स्लिप, रसीद या अन्य कोई प्रमाण साथ में रखना होगी । काम धंधे या अन्य कोई जरूरत के अनुसार व्यक्ति वाहन से यात्रा करते समय अपने पास नगद राशि लेकर चलते हैं तो उन्हें अपने साथ नकदी रखने का प्रमाण बताना होगा। इससे जाँच के दौरान प्रमाणों के परीक्षण में सुविधा होगी और संबंधित व्यक्ति को भी अनावश्यक रूप से परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

## चुनावी हलचल के चलते त्योहारों में छाई उदासीनता, मूर्तिकार परेशान

# सालों बाद बिना एडवांस बुकिंग के तैयार हो रहीं होलिका प्रतिमाएं

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
मो.नं. 9301787018

होलिका प्रतिमाएं दो दिन बाद रखना शुरू हो जाएंगी। इसके लिए मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हालांकि आचार संहिता के चलते इस बार प्रतिमाओं की एडवांस बुकिंग नहीं हुई है। फिर भी अनुमान है कि शहर में 600 से अधिक छोटी-बड़ी प्रतिमाएं गली-चौराहों में रखी जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि इस बार निर्माण सामग्री में 10 से 25 फीसदी तक की लागत बढ़ी है। वहीं आए दिन बारिश के कारण सूखी मिट्टी भी कलेक्ट नहीं हो पाई है। इस वजह से प्रतिमाओं के निर्माण में विलंब हुआ है। शहर में सौ से अधिक मूर्तिकार शीतला माई क्षेत्र में रहते हैं और सबसे ज्यादा प्रतिमाएं यहीं बनाई जाती हैं। औसतन एक मूर्तिकार 70 से अधिक प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। होलिका के साथ भक्त प्रहलाद को भी आकर्षक बनाया जा रहा है। कई लोग वर्ष भर प्रहलाद की प्रतिमाएं अपने घरों में रखते हैं।

### अभी तक नहीं दिख रहा उत्साह

गौरतलब है कि होलाष्टक लगने के साथ ही होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। अरंडी का पेड़ लगाने के साथ ही सजावट होने लगती है, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी और आचार संहिता के कारण लोगों में उत्साह नहीं दिख रहा है। इस वजह से मूर्तिकारों में भी चिंता बढ़ी है। वहीं पिछले दिनों मौसम में बदलाव से प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में भी विलंब हो रहा है।

इस बार आर्डर कम ही मिले हैं। इसकी वजह चुनाव की व्यस्तता भी है। बुकिंग न होने के कारण बाद में प्रतिमाएं लागत से भी कम दाम में बेचना पड़ेगी।
**धर्मेन्द्र प्रजापति**, मूर्तिकार

### बन रहा गजकेसरी और सर्वार्थ सिद्धि योग

इस वर्ष होलिका दहन पर पर गजकेसरी योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गज मतलब हाथी, केसरी मतलब शेर है। इस योग में व्यक्ति को फल उसकी राशि, नक्षत्र और गुरु की स्थिति क आधार पर मिलता है। होलिका दहन से पहले भगवान नृसिंह फिर प्रहलाद का ध्यान करना चाहिए। होलिका को पूजन सामग्री अर्पित कर होलिका दहन जरूर देखना चाहिए। इससे मन की नकारात्मकता का दहन होता है और दैवीय शक्ति प्राप्त होती है। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 10.35 से 11.39 के बीच है। सुबह 9.30 से रात 10.34 बजे तक भद्रा योग रहेगा। इस काल में होलिका दहन नहीं करना चाहिए।

# मुख को स्वस्थ रखने मरीजों को दिलाई शपथ

## विक्टोरिया में मनाया गया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

जिला (विक्टोरिया) अस्पताल में बुधवार को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा व विशिष्ट अतिथि अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में दंत रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरविन्द साहू ने बताया कि 20 मार्च से 19 अप्रैल तक ओरल हेल्थ मंथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को मुख की बीमारियों के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, स्लोगन, पोस्टर प्रेजेंटेशन के साथ संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

### स्टाफ व मरीजों को दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में तम्बाकू, गुटखा, सुपाड़ी जैसे व्यसनों से दूर रहने के लिए व दिन में दो बार ब्रश करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ मरीज व उनके परिजनों को जानकारी दी गई कि यदि मुंह में छाले, मसूड़ों में पस बनना, मुंह से दुर्गंध आना व दांतों में दर्द बने रहने के लक्षण होते है तो इसे अंदाज न करें। उपचार के लिए दंत चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाओं का सेवन करें। कार्यक्रम में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय छत्तानी, डॉ. शुक्ला, डॉ. नामदेव सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

# कल्चुरी महासभा के परिचय सम्मेलन की हुई समीक्षा

**जबलपुर।** कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में कलचुरी महासभा की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्नेहनगर स्थित सभाभवन में किया गया। बैठक में 21 अप्रैल को होने वाले परिचय सम्मेलन की तैयारी के सम्बंध में महत्वपूर्ण चर्चा की गई। महामंत्री बीडी राय ने कहा कि अभी तक 500 से ज्यादा युवक-युवतियों के बॉयोडाटा प्राप्त हो चुके हैं। कलचुरी गौरव पत्रिका के प्रकाशन की तैयारी भी चल रही है। बैठक में देवेन्द्र चौकसे, रेखा चौकसे, प्रमिला राय, स्नेहलता राय, उमा भारती, राजेश जायसवाल, सुरेश चौकसे, कौशलेन्द्र महाजन, राजीव चौकसे, संदीप चौकसे, संजय चौकसे, व्हीके गुप्ता, रवींद्र चौकसे, आरसी राय, केएस राय, उमाकांत चौकसे आदि वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### जनेकृविवि के पेंशनर ने की होली पर महंगाई भत्ते की मांग

**जबलपुर।** जवाहर लाल नेहरू कृषि विवि पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति डॉ. पीके मिश्रा व लेखा नियंत्रक से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश शासन द्वारा घोषित महंगाई भत्ता, छठवें वेतनमान के एरियर्स एवं एक वर्ष से लंबित महंगाई भत्ते की राशि का भुगतान और सातवें वेतनमान के आधार पर मासिक पेंशन भुगतान होली पर्व पर करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में आरके प्यासी, जीडब्ल्यू रत्न पारखी, डॉ. एमएल इदनानी, डीडी शर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, आरएल पांडे, एसएस सिंह, आरपी केवट, एसके रजक उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को अवेयर करने छात्रों ने निकाली रैली

**जबलपुर।** महाकोशल कॉलेज में बुधवार को मतदाताओं को जागरुक करने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रृखंला में छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा रैली कॉलेज परिसर से साईबाबा मंदिर चौक, सिविल लाइन जबलपुर तक निकाली गई। रैली में छात्रों ने नागरिकों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया एवं जिसकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हें अपने परिचन पत्र बनवाने एवं मतदान जरूर करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, प्रो. अरुण शुक्ला यूथ स्वीप कॉर्डिनेटर, डॉ. एमके रिछारिया, प्राचार्य डॉ. एससी तिवारी, डॉ. आभा रंजन, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. प्रियंका साहू, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा के साथ अर्णव शर्मा, ईएलसी कैंपस एम्बेसडर, निक्की विश्वकर्मा, करन ठाकुर, अमन काछी के साथ लगभग 480 छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# आधुनिक पैनअम्ब्रा थ्रोम्बेक्टोमी तकनीक से बचाई युवक की जान

**जबलपुर।** शैल्बी हॉस्पिटल में सांस फूलने और कम ऑक्सीजन की शिकायत के साथ गंभीर हालत में आए 30 वर्षीय युवक की जान बचाने में चिकित्सकों की टीम सफल रही। शैल्बी हॉस्पिटल में महाकोशल का पहला सफल ऑपरेशन करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि उक्त मरीज को सांस के साथ कार्डियोजेनिक शॉक भी था। जांचों के बाद आधुनिक पैनअम्ब्रा थ्रोम्बेक्टोमी तकनीक से ऑपरेशन किया गया, जो कि सफल रहा। मरीज अभी पूरी तरह से ठीक है। उन्होंने बताया जांच के दौरान पाया गया कि फेफड़े की सभी प्रमुख धमनियों में रक्त के थक्के जमे हुए हैं, जिसे पैनअम्ब्रा थ्रोम्बेक्टोमी से निकाला गया। यह सुविधा शैल्बी हॉस्पिटल में भी मिलना शुरू हो गई है। प्रेस कांफ्रेंस में सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आरएस शर्मा सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित थे। डॉ. तिवारी ने बताया पल्मोनरी एम्बोलिज्म बीमारी हृदय की एक घातक एवं दुर्लभ बीमारी है। इस बीमारी में मरीज में मृत्यु दर 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

# नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

**जबलपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने बुधवार को हवाबाग महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिलहरी घाट स्थित गुरुधाम में लगाये जा रहे सात दिवसीय शिविर में आपदा प्रबंधन एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मेंटल हेल्थ एवं सीपीआर पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता तेज सिंह ठाकुर एवं समृद्धि बघेल ने नशे से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों एवं होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी तथा सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में अध्यापिका डॉ. जयश्री दीक्षित, डॉ. अनिता उपाध्याय एवं अन्य अध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का गठन, हर 3 से 6 महीने में होगा एक नया वाहन लॉन्च

**मुंबई।** 110 अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व और 100 देशों में अपनी पहुँच के साथ ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनी, एसएआईसी मोटर और बी2बी एवं बी2सी सेक्टर में काम करने वाले भारत के अग्रणी समूह, जेएसडब्लू ग्रुप के बीच नया रणनीतिक ज्वाईंट वेंचर- जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया) का गठन हुआ है। इस ज्वाईंट वेंचर के व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा के साथ देश में मोबिलिटी का एक नया युग शुरू हो गया है। यह नया ज्वाईंट वेंचर तेजी से बढ़ रहे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाएगा। यह ज्वाईंट वेंचर एसएआईसी मोटर के ऑटोमोटिव अनुभव और तकनीकी

विशेषज्ञता के साथ भारत में जेएसडब्लू के गहरे मैनुफैक्चरिंग ज्ञान एवं विशेषज्ञता की शक्ति पेश कर रहा है। इस ज्वाईंट वेंचर की योजना हर तीन से छः महीने में एक नया उत्पाद लॉन्च करने की है, जिसमें एनईवी शामिल होंगे। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया में स्टीयरिंग कमिटी के सदस्य, पार्थ जिंदल ने कहा जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का ज्वाईंट वेंचर एक महत्वपूर्ण ज्वाईंट वेंचर है। इसके साथ दो दिग्गज एसएआईसी और जेएसडब्लू एक साथ आए हैं। एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिटस, राजीव चाबा ने कहा जेएसडब्लू ग्रुप में हमें भारत में एमजी ब्रांड के विकास के लिए एक बेहतरीन स्थानीय पार्टनर मिल गया है।

## निधन

- **श्री हल्केराम पटेल**- आमनपुर निवासी श्री हल्केराम पटेल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
- **श्री युवराज पासी**- पीएसएम हॉस्टल के पीछे निवासी श्री जगदीश प्रसाद पासी के पुत्र श्री युवराज पासी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
- **श्री एस. प्रभाकरन नायर**- नर्मदा अंचल विहार महानद्या निवासी श्री एस. प्रभाकरन नायर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
- **श्रीमती उमा बाई चौधरी**- रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री श्याम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
- **श्रीमती सविता सुडियान**- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हाथीताल निवासी निवासी श्री राजेश सुडियान की धर्मपत्नी श्रीमती सविता सुडियान (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
- **श्रीमती शिवरात्रि जाट**- कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री बैजनाथ जाट की धर्मपत्नी श्रीमती शिवरात्रि जाट (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
- **श्री नवीन समुंद्रे**- ब्यौहारबाग सिद्धार्थ नगर निवासी श्री रवि समुंद्रे के पुत्र श्री नवीन समुंद्रे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
- **श्रीमती अलका केसरवानी**- पनागर निवासी श्री राजेश केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती अलका केसरवानी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
- **श्री जय बशकार**- शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री कन्हैया लाल बशकार के पुत्र श्री जय बशकार (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

Muthoot Homefin
Muthoot Homefin (India) Ltd.
CIN - U65922KL2011PLC029231
कार्पोरेट ऑफिस : 12वे एवं 13वा, बारादरी मंजिल, 'ए' विंग, लोटस कार्पोरेट पार्क, ऑफ. वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुम्बई-400 063.
शाखा कार्यालय : गोदाम सुलेमान, बिल्डिंग नं.1, गोपाली मंजिल, यूनिट -510, रोड नम्बर 22, वागले इंडस्ट्रीयल एस्टेट, ठाणे पश्चिम-400604

परिशिष्ट-IV-पी [नियम 8(6) का परंतुक देखें]

नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, प्रस्ताव नीचे वर्णित अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित किया जाता है, जो कब्जे में है, "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जो है वह है के आधार पर, जिसका विवरण नीचे दिए गए हैं:-

| स. क्र. | ऋणकर्ता का नाम (ओं) / सह-ऋणकर्ता (ओं) / गारंटर/ ऐ )ऋण खाता संख्या /ताखा | मांग सूचना दिनांक और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आपकी का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास कुमार मुदलियार/ मीनाक्षी/ 027-02700295/ जबलपुर | 28-मार्च-22/ रु. 14,47,727/- (रुपये चौदह लाख सैंतालीस हजार सात सौ सत्ताईस मात्र) | मौजा बढ़त्पुर, पोएगान 28/33/07, प्रा. प्लाट नं.13सी, पार्ट ऑफ13, केएन नं.119/6, 121/इ,बीव8, सैनिक सोसायटी, आरएनएम, जबलपुर, जिला मध-482002 | रु. 7,37,500/- सात लाख सैंतीस हजार पांच सौ मात्र | रु. 73,750/- तिहतर हजार सात सौ पचास मात्र |

1. नीलामी "जैसा है जहां है" और "जैसा है जो है" के आधार पर आयोजित की जा रही है
2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित निविदा प्रपत्र में शामिल हैं
3. 'मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय ईएमडी के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्रों में भीलबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि केवाईसी के साथ 22.04.2024 को शाम 4:00 बजे तक ऊपर बताए गए यहां पर क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचें। जो निविदाएं पूरी तरह से नहीं भरी गई हैं या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध/निविदा मानी जाएंगी और तदनुसार खारिज कर दी जाएंगी।ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 21.04.2024 को दोपहर 1.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे के बीच है।
5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी की तारीख 23.04.2024 को उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय के पते पर दोपहर 1:00 बजे खोलने की तिथि है। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा.
6. एमएचआईएल किसी भी बकाया वैधानिक नोटिस और ऋणभार/कर बकाया आदि के भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और सफल नीलामी खरीद की राशि का भुगतान करने के लिए उनकी जिम्मेदारी होगी। इच्छुक बोली लगाने वाले को संपत्ति के स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए और स्वयं का निरीक्षण और संतुष्टि भी करनी चाहिए।
7. उच्चतम बोली लगाने वाला एमएचआईएल लिमिटेड के अनुमोदन के अधीन होगा। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी प्रस्ताव/बोली को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा। उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.
8. उधारकर्ता/गारंटर को नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 30 दिनों की बिक्री नोटिस दी जाती है, अन्यथा अचल संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा। यदि उधारकर्ता बिक्री की तारीख से पहले मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रद्द कर दी जाएगी।
अधिक जानकारी के लिए, उपरोक्त उल्लिखित कार्यालय पते पर प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें संपर्क व्यक्ति- राहुल कपूर- 9977774745

दिनांक : मार्च 21, 2024
स्थान : मध्य प्रदेश

हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते: मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, प्लाट नं.46, आइजा टॉवर, नेपियर टाउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

| क्र मां क | ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या | सुरक्षित संपति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा | संपति निरीक्षण का तिथि व समय | नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) |
| 1. | शहजाद खान (ऋणकर्ता) अमरीन बी (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHJBL00001293396 | प्रायवेट लेआउट प्लाट नं.2 लैंड बिथरिंग पार्ट खसरा नं.81 सेट.नं. 600, पी.एच. नं.24, आर.आई. सर्कल महराजपुर, विकास खंड पनागर, मौजा गार्डन स्थित, तहसील पनागर, जिला जबलपुर | रू. 10,55,461/- मार्च 14, 2024 | रू. 10,80,000/- / रू. 1,08,000/- | अप्रैल 15, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अप्रैल 23, 2024 02:00 PM 03:00 PM |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन स्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 22 अप्रैल 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, प्लाट नं.46, आइजा टॉवर, नेपियर टाउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001** में 22 अप्रैल 2024 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी **प्रथम मंजिल, प्लाट नं.46, आइजा टॉवर, नेपियर टाउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001** को 22 अप्रैल 2024 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) जबलपुर-में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्वसेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

दिनांक : मार्च 21, 2024
स्थान : जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड